रामकृष्ण राठौर, शासकीय पॉलीटेक्निक, पेण्ड्री जांजगीर

जिला–जांजगीर चांपा (छ.ग.) फोन 9229478581

वेब साईट – https://gpjanjgir.ac.in ईमेल polyjanjgir@rediffmail.com

क्रमांक / शापाजांचा / स्था / 2023–24 / 869 जांजगीर, दिनांक 21.09.2023

–:: अंशकालीन व्याख्याता पद हेतु विज्ञापन ::–

शैक्षणिक सत्र 2023–24 के लिए संस्था में संचालित डिप्लोमा पाठ्यक्रम हेतु रिक्त पदों के विरूद्ध अंशकालीन व्याख्याताओं की आवश्यकता है। पदों की जानकारी निम्नानुसार है।

संकाय / ब्रांच का नाम	पद संख्या	न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता
सिविल इंजीनियरिंग	01	संबंधित पाठ्यक्रम में प्रथम श्रेणी में स्नातक उपाधि। (अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद की अधिसूचना दि. 28 अप्रेल 2017 के अनुसार संबंधित पाठ्यक्रम के प्रासंगिक / उपयुक्त पाठ्यक्रम भी मान्य होगा)
इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग	01	
इलेक्ट्रानिक्स एवं टेली.काम इंजी.	01	

अंशकालीन व्याख्याता का पद पुर्णतः अस्थायी है, एवं कभी भी समाप्त की जा सकती है। प्रति पीरियड रू. 800/– की दर से अधिकतम 56100/– प्रतिमाह पारिश्रमिक देय होगा। चयन हेतु निम्नानुसार प्रक्रिया अपनाई जाएगी। लिखित परीक्षा–40 अंक, स्नातक उपाधि–35 अंक, स्नातकोत्तर उपाधि–05 अंक, अनुभव–10 अंक (1 अंक प्रति सेमेस्टर केवल संबंधित इंजी. डिप्लोमा / डिग्री स्तर अध्यापन ही मान्य) साक्षात्कार–10 अंक। लिखित परीक्षा का पाठ्यक्रम संस्था के वेबसाईट में उपलब्ध है। लिखित परीक्षा, स्नातक, स्नातकोत्तर, एवं अनुभव के प्राप्तांकों के आधार पर वरियता क्रम में अलग–अलग संकाय के प्रथम 5 अभ्यर्थियों को अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाएगा। साक्षात्कार के प्राप्तांक को मिलाकर अंतिम मेरिट सूची तैयार की जाएगी, जिसमें से प्रथम अभ्यर्थी को नियुक्ति पत्र जारी किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी गूगल फार्म https://forms.gle/huk54WzSKWkkEtJE7 में दिनांक 28 सितंबर, 2023 को शाम 5:00 बजे तक आवेदन कर सकते हैं। लिखित परीक्षा (फिजीकल मोड)दिनांक 29 सितंबर 2023 को दोपहर 3 बजे से आयोजित की जाएगी, अभ्यर्थियों को संस्था में 2:00 बजे रिपोर्ट करना अनिवार्य है। लिखित परीक्षा की अवधि एक घण्टे की रहेगी, जिसमें 40 आब्जेक्टिव प्रश्न होंगे इसमें केलकुलेटर / अन्य इलेक्ट्रानिक डिवाइस के उपयोग की अनुमति नहीं है। परीक्षा दिवस को अभ्यर्थी गूगल फार्म, डिग्री एवं अनुभव संबंधी दस्तावेजों की छायाप्रति तथा एक पासपोर्ट साइज फोटो के साथ उपस्थित होंगे। नियुक्ति के संबंध में प्राचार्य का निर्णय अंतिम होगा। अभ्यर्थी को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य है। इस संबंध में कृपया संस्था के वेबसाइट का अवलोकन करते रहें।

प्राचार्य,

रामकृष्ण राठौर, शा.पॉलीटेक्निक,

जांजगीर–चांपा (छ.ग.)